Witness No **2** for **आवेदक साक्ष्य** Deposition taken the day of **13.08.2026 (गुरूवार)** witness apparent age **59** Year states on affirmation...**शपथ पर**..my name is **सम्पत लाल भगत s/o श्री स्व. बलवत भगत** occupation **खेती–किसानी** address **ग्राम जामगांव, थाना–लैलूंगा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)।**

---

<u>**मुख्य परीक्षण द्वारा श्री डी.के. जायसवाल, अधिवक्ता वास्ते आवेदकगण**</u>

**1.** आज से लगभग 4 वर्ष पूर्व की बात है शाम लगभग 6 बजे मैं लैलूंगा से पुलिया की तरफ से होकर घर जा रहा था तभी मैंने देखा कि पुल के पास गड्ढे में मृतक सत्य नारायण वाहन सहित गिरा था । मैंने राहगिरों को बताया कि सत्य नारायण नामक व्यक्ति गड्ढे में मोटर सायकल सहित गिरा है उसके सिर से खून निकल रहा है तब किसी ने उसके घर वालों को सूचना दिया, उसके घर वाले आए और उसे लैलूंगा के अस्पताल ले गए और लैलूंगा के रिफर करने के उपरांत रायगढ़ अस्पताल लाए उसके बाद रायगढ़ से रिफर करने के उपरांत रायपुर ले गए जहां ईलाज के दौरान की उसकी मृत्यु हो गई ।

**2.** मृतक सत्य नारायण गांव का सरपंच था तथा खेती–किसानी का काम करता था । मृतक सत्यनारायण के माता पिता तथा उसकी पत्नी एवं बच्चे है और कौन–कौन है उसकी मुझे जानकारी नहीं है ।

<u>**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री मुकेश गोयल, अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्रं. 02**</u>

**3.** मृतक मेरे गांव की रिश्तेदारी में आता है इसलिए मैं उसे जानता हूं । यह कहना सही है कि मैं दुर्घटना होते हुए नहीं देखा हूं । दुर्घटना के समय मृतक अपने चचेरे भाई रोशन भगत की मोटर सायकल चला रहा था । दुर्घटना के समय मृतक अकेले ही था । यह

कहना सही है कि दुर्घटना के समय मृतक रोशन भगत की मोटर सायकल को मांगकर लेकर गया था । यह कहना सही है कि दुर्घटना के समय रोशन भगत साथ में नहीं था । दुर्घटना के समय मृतक अपने स्वयं के काम से कोलताडीपा मोहल्ला गया था, स्वयं कहा कि वह सरपंच था इसलिए अपने काम से आते जाते रहता था ।

**4.** मुझे जानकारी नहीं है कि मृतक सत्य नारायण के ड्राईविंग लाईसेंस था या नहीं । पुलिस थाना रिपोर्ट लिखाने के लिए मैं नहीं गया था । पुलिस वाले मेरा कोई बयान नहीं लिए है । यह कहना गलत है कि मैं मृतक का जान पहचान का हूं इसलिए उसके पक्ष में गवाही दे रहा हूं ।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री श्याम चंद्रा ,अधिवक्ता वास्ते अनावेदक क्रं. 01**

**5.** कुछ नहीं ।

**साक्ष्य समय– 4.40 से 4.25 बजे तक**

गवाह को बयान पढ़कर सुनाया गया
उसने सही होना स्वीकार किया ।

**सही/–**
**(श्याम कुमार साहू )**
पंचम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
रायगढ़ (छ०ग०)

मेरे निर्देशानुसार टंकित

**सही/–**
**(श्याम कुमार साहू )**
पंचम अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
रायगढ़ (छ०ग०)

**साक्षी के हस्ताक्षर**

SHYAM KUMAR SAHU
Digitally signed by SHYAM KUMAR SAHU
Date: 2026.08.13 17:14:30 +0530